भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- **438**

दिनांक **19** जुलाई, 2022 के लिए प्रश्न

दूध की कीमत में वृद्धि

438. श्री रवनीत सिंह:

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि देश में दूध की कीमत में काफी वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो पिछले दो वर्षों के दौरान तत्संबंधी तिमाही-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) दूध की कीमत में वृद्धि के क्या कारण हैं और क्या प्रमुख कच्चे माल आदि की कीमत में वृद्धि के कारण दूध की कीमत में तेजी से वृद्धि देश के लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है;

(घ) क्या सरकार देश में दूध की कीमत को स्थिर करने के लिए कोई कदम उठा रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) और (ख) पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार देश में दूध की खरीद और बिक्री की कीमतों को नियंत्रित नहीं करता है। कीमतें सहकारी और निजी डेयरियों द्वारा उनकी उत्पादन लागत और बाजार की शक्तियों के आधार पर तय की जाती हैं। यह विभाग स्थिति की निगरानी के लिए नियमित आधार पर देश में दूध की स्थिति की समीक्षा करता है। दुग्ध परिसंघों/दुग्ध संघों से प्राप्त जानकारी के आधार पर दूध के विक्रय की कीमतों में कथित तौर पर वृद्धि की गई है। दूध का तिमाही-वार औसत विक्रय मूल्य नीचे दिया गया है:

	2020-21				**2021-22**			
	पहली तिमाही	दूसरी तिमाही	तीसरी तिमाही	चौथी तिमाही	पहली तिमाही	दूसरी तिमाही	तीसरी तिमाही	चौथी तिमाही
दूध विक्रय मूल्य(रुपये प्रति लीटर)								
फुल क्रीम दूध (एफसीएम)	53.18	52.66	52.59	52.88	53.28	53.09	53.52	54.99
टोंड दूध (टीएम)	42.29	42.33	42.22	43.97	44.18	42.86	42.96	45.86

स्रोत: राज्य डेयरी सहकारी समितियां

(ग) दूध संघों द्वारा रिपोर्ट किए गए अनुसार इनपुट लागत, विशेष रूप से ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और पैकेजिंग लागत में वृद्धि हुई है, जो उपभोक्ता हेतु दूध की कीमतों में वृद्धि के लिए जिम्मेदार है।

(घ) और (ङ) यह विभाग मूल्य प्राप्ति में सुधार करने में मदद करने के लिए डेयरी सहकारी समितियों की डेयरी अवसंरचना को मजबूत करने के लिए देश भर में निम्नलिखित डेयरी विकास योजनाओं को लागू कर रहा है:

1) राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी)
2) डेयरी प्रसंस्करण अवसंरचना विकास निधि (डीआईडीएफ)
3) डेयरी कार्यकलापों में लगी डेयरी सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों को सहायता (एसडीसीएफपीओ)
4)पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ)

******